दिनांक : 15.06.2024 समय : 07.10 pm

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री ने कहा जबलपुर में 20 जुलाई को होने वाले रिजनल इंडस्ट्रीज कॉन्कलेव के लिए मिलने लगे निवेष के प्रस्ताव।
- एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत केन्द्रीय मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले में किया पौधरोपण।
- धार की भोजषाला को लेकर एएसआई ने इन्दौर हाईकोर्ट में पेष की सर्वे रिर्पोट ।
- प्रदेष में बारिष का दौर जारी। मौसम विभाग ने 12 जिलों के लिए भारी बारिष का अलर्ट किया जारी।

**रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रदेश में निवेश के लिए तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि अभी तक केवल इंदौर में ही समिट आयोजित हुई हैं, इस क्रम को बदलते हुए प्रदेश में अलग-अलग क्षेत्रीय स्तर पर 6 अंचलों में समिट का आयोजित की जा रही हैं। जबलपुर में 20 जुलाई को होने वाले "रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव" के लिए मुंबई में विभिन्न उद्योगपतियों और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात कर संवाद किया है। इसके बाद इसी तरह के आयोजन ग्वालियर, दमोह-सागर, रीवा में भी होंगे। उन्होंने बताया कि इन जगहों के लिए प्रस्ताव अभी से आने लगे हैं। 35 से ज्यादा कंपनी के निवेशकों और प्रतिनिधियों से

चर्चा हुई है, जिसमें निवेश के अनेक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि देश का सबसे बड़ा मेडिकल डिवाइस पार्क, विक्रम उद्योगपुरी, उज्जैन में स्थापित होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में जन-अभियान परिषद के शासी निकाय की बैठक कर कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रकाशित विभिन्न पुस्तकों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने आज एक अन्य बैठक में **"मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना"** के संबंध में समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग द्वारा प्रजेंटेशन भी देखा। बैठक में वीसी के माध्यम से धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी भी शामिल हुए।

शिवराज सिंह

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन जिले में पौधा रोपण किया। जिले के ग्राम रतनपुर में ‘‘एक पेड़ मॉ के नाम‘‘ अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में श्री चौहान ने आम का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि पीढियों के सामंजस्य, सभी के सहयोग और नागरिकों के समर्पण के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। सांची के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के जन्मदिन पर 666 पौधे रोपे गए है।

उन्होंने कहा कि जन्मदिन आदि विशेष अवसरों पर पौधरोपण अवश्य करें।

जनजातीय संग्रहालय

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कल बैतुल के लक्ष्मण बारस्कर और साथियों द्वारा कोरकू जनजातीय गदली-थापटी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कलाकार महादेव बेठे ने पारम्परिक नृत्य गदली के बारें में जानकारी दी। गदली नृत्य विवाह आदि के अवसर पर किया जाता है। कार्यक्रम में सागर के उत्तमसिंह गोण्ड एवं साथियों ने सैरा नृत्य की प्रस्तुति दी । मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय़ में प्रति रविवार होने वाली इस गतिविधि में प्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होता है।

**आईसीएआर स्थापना दिवस**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का दो दिन का स्थापना और प्रौद्योगिकी दिवस समारोह आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। पहले दिन स्कूली छात्रों को कृषि और उससे संबंधित प्रौद्योंगिकियों के बारे में जानकारी दी गई। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल कृषि राज्य मंत्रियों भागीरथ चौधरी और

रामनाथ ठाकुर की मौजूदगी में स्थापना दिवस का आधिकारिक रूप से उद्घाटन करेंगे।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक हिमांशु पाठक ने परिषद की **"सौ दिन, सौ किस्में"**, **"सौ दिन, सौ प्रौद्यौगिकी"** और **"एक वैज्ञानिक एक उत्पाद"** जैसी प्रमुख पहलों के बारे में जानकारी दी।

भोजशाला

धार की ऐतिहासिक भोजशाला को लेकर आज सर्वे कर रहे एएसआई ने इंदौर हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश कर दी हैं। इस पर 22 जुलाई को सुनवाई होगी। एएसआई द्वारा यह रिपोर्ट 2 जुलाई को पेश की जाना थी, किन्तु एएसआई ने नेशनल जियो फिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट हैदराबाद की रिपोर्ट नहीं मिलने पर कोर्ट से समय बढ़ाने की मांग की थी। जिस पर न्यायलय ने 15 जुलाई तक की समयावधि दी थी । उल्लेखनीय है कि इंदौर हाईकोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई सर्वे के आदेश दिए थे और 6 सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था।

## जयंत-विश्व कौशल दिवस

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि कौशल भारत योजना के अंतर्गत अब तक एक करोड 46 लाख से अधिक लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया है। नई दिल्ली में आज विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत ने विशेष रूप से बेहतर कार्य किया है। इसी उद्देश्य से दस वर्ष पहले विशेष मंत्रालय का गठन किया गया था।

मौसम

प्रदेश में पिछले कई दिनों से लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने खरगोन और धार जिलों के लिए अति भारी वर्षा का आरेंल अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा इंदौर, झाबुआ ,रतलाम, छिन्दवाड़ा सहित 10 जिलों के लिए भारी बारिष का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी हल्की बारिष हो सकती है।

**समाचार संक्षेप**

- शहडोल जिले में कौशल विकास योजना से युवा अपना भविष्य संवार रहे हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत 2015 से अब तक 2300 युवाओं को अलग—अलग ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया गया है। वर्तमान में 120 युवा प्रशिक्षण ले रहे हैं।
- शिवपुरी जिले में पोहरी एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने आज आदिवासी बस्ती में प्राथमिक विद्यालय सोनीपुरा का निरीक्षण किया। एसडीएम ने विद्यालय के प्रांगण एवं आसपास स्वच्छता का भी जायजा लिया तथा गंदगी पाए जाने पर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।
- सागर में प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्राम जैसीनगर एवं राहतगढ़ में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 1500 से अधिक कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में हिस्सा लिया।
- आयुष विभाग नीमच द्वारा आयुष मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया प्रभावित 31 गांवों में मलेरिया से बचाव की होम्योपैथिक औषधि का वितरणकिया जाएगा। यह दवाई वितरण दो चरणों में 18 जुलाई से शुरू होगा।
- मन्दसौर जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड व जिला मंदसौर

**द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। आज ग्राम पंचायत कोलवा के ग्राम निरधारी में आंगनवाड़ी प्रांगण में औषधीय पोंधे आंवला, नीम, कणज, अशोक ,पीपल पौधारोपण किया गया।**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने कहा जबलपुर में 20 जुलाई को होने वाले रिजनल इंडस्ट्रीज कॉन्कलेव के लिए मिलने लगे निवेष के प्रस्ताव।
- एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत केन्द्रीय मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले में किया पौधरोपण।
- धार की भोजषाला को लेकर एएसआई ने इन्दौर हाईकोर्ट में पेष की सर्वे रिर्पोट ।
- प्रदेष में बारिष का दौर जारी। मौसम विभाग ने 12 जिलों के लिए भारी बारिष का अलर्ट किया जारी।